संतोष कुमार मल्ल, भा.प्र.से.
आयुक्त
Santosh Kumar Mall, I.A.S.
Commissioner

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
दूरभाष : 91–11–26512579, फैक्स : 91–11–26852680
18, Institutional Area, Shaheed Jeet Singh Marg, New Delhi-110016 (India)
Tel. : 91-11-26512579, Fax : 91-11-26852680
E-mail : commissioner@kvsedu.org, Website : www.kvsangathan.nic.in

संदेश

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं केंद्रीय विद्यालय संगठन परिवार में कार्यरत सभी शिक्षक व शिक्षणेत्तर साथियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए सभी अन्य सहकर्मियों से आह्वाहन करना चाहता हूँ कि हम सब अपनी समृद्ध संस्कृति जिसमें 'यत्र नारी पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' का सूत्र, जीवन दर्शन रहा है, के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए यह संकल्प लें कि हम नारी समाज के सम्मान व अस्मिता हेतु अपने कर्तव्य बोध के प्रति सदैव सचेष्ट रहेगें।

आज का दिन, समाज व युग निर्माण में महिलाओं के अप्रतिम योगदान व उनकी महती भूमिका को रेखाकिंत करते हुए एक तरफ उनकी मानवीय संवेदना, करूणा, प्रेम एवं वात्सल्य के स्वरूप के अर्चन का दिन है वहीं दूसरी ओर उनकी दृढ़ता, साहस, पराक्रम एवं बुद्धिमता को नमन करने का उत्सव है।

आज के समाज की तथाकथित बौद्धिक सोच कि हमें महिलाओं को सशक्त बनाना है, इस बात का परिचायक है कि हमें 'नारी–शक्ति' के स्वरूप का हमें बोध नहीं है एवं हम यह विस्मृत कर रहे हैं कि समाज के अस्तित्व की संकल्पना व पूर्णता में दोनों का सशक्त अस्तित्व स्वयं अंतर्निहित है।

आज देश के निर्माण के प्रत्येक क्षेत्र में जिसमें प्रमुख रूप से रक्षा, विज्ञान, तकनीक, प्रशासन, शिक्षा, बैंकिंग, स्वास्थ्य, खेलकूद, उद्योग, व्यवसाय, फिल्म, मीडिया, समाज सेवा आदि में अपनी सार्थक भूमिका का निर्वहन करते हुए महिलाओं ने बार–बार इस सच्चाई को स्थापित व रेखांकित किया है कि वह राष्ट्रनिर्माण के हर कदम पर पुरूष समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना योगदान दे रहीं हैं।

मैं इस अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आपके स्वस्थ व सुखमय जीवन की कामना करता हूँ।

धन्यवाद,

जय हिंद।

संतोष
8/3/17

(संतोष कुमार मल्ल)
आयुक्त